# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## जयपुर परिसर, जयपुर (राज.)

के.सं.वि.ज. / 12–1 / 2021–22 / 312      दिनांक 05.07.2021

# परिपत्र

शैक्षणिक सत्र 2020–21 के शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष के सभी छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वार्षिक परीक्षा ऑनलाईन ऑपन बुक माध्यम से दिनांक 12.07.2021 से 22.07.2021 तक संलग्न समय सारणी एवं निम्नलिखित दिशा–निर्देश के अनुसार सम्पन्न होगी : –

1. सर्वप्रथम केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर, जयपुर की वेबसाइट www.rsksjaipur.ac.in पर Google Form भरना अनिवार्य है।
2. Google Form की लिंक दिनांक 07.07.2021 तक उपलब्ध रहेगा। इस अवधि में ही छात्र को फार्म भरकर सबमिट करना अनिवार्य है।
3. Google Form पर WhatsApp समूह के लिंक उपलब्ध है। परीक्षार्थी को केवल संबंधित कक्षा के ही WhatsApp समूह को जॉइन करना है तथा परीक्षा संबंधी निर्देश WhatsApp समूह द्वारा प्राप्त होंगे।
4. प्रश्न पत्र छात्रों के व्यक्तिगत ईमेल / WhatsApp समूह पर ही भेजा जायेगा। जो ईमेल या WhatsApp नम्बर परीक्षार्थी ने Google Form पर पंजीकृत किया है। परीक्षार्थी को उत्तरपुस्तिका जमा करने हेतु examcsujpr@gmail.com पर अथवा प्रतिदिन दिये गये लिंक पर प्रेषित करना होगा।
5. परीक्षा समय–सारणी के अनुसार निर्धारित प्रश्न–पत्र उसी दिन समय सारणी में निर्धारित समय से 15 मिनट पूर्व सभी के व्यक्तिगत ईमेल पर भेजा जायेगा।
6. PDF के नाम लेखन का प्रारूप इस प्रकार होगा : –
   Roll No./ Subject Code / Paper No.
   अनुक्रमांक / विषय कूटाङ्क / पत्र सं.
   उदाहरण : 14114 / 474 / 04
7. परीक्षा लेखन हेतु नीले या काले बालपेन का प्रयोग करना आवश्यक है।
8. उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर परीक्षानुक्रमांक शब्दों एवं अंकों में नाम, कक्षा, प्रश्न पत्र का नाम, प्रश्न पत्र की संख्या, प्रश्नपत्र का कोड, सत्र, दिनांक, वार, हस्ताक्षर आदि प्रविष्टियाँ स्पष्ट रूप से लिखें।
9. जयपुर परिसर द्वारा निर्धारित उत्तर पुस्तिका के प्रारूप में लिखना अनिवार्य है। निर्धारित उत्तर पुस्तिका का प्रश्नपत्रों की संख्या के अनुसार एक बार में परीक्षा से पूर्व प्रिंट लेकर रखें तथा प्रतिदिन उत्तर पुस्तिका में लिखकर स्कैन कर पी.डी.एफ. के रूप में निर्धारित अवधि में examcsujpr@gmail.com पर अथवा प्रतिदिन दिये गये लिंक पर प्रेषित करना अनिवार्य है अन्यथा छात्र स्वयं उत्तरदायी होंगे।
10. उत्तर पुस्तिका परीक्षा समाप्ति के 1 घण्टे के अन्दर एक पी.डी.एफ. फाईल बनाकर ईमेल के द्वारा भेजना अनिवार्य है। उक्त समयावधि के पश्चात उत्तरपुस्तिका

स्वीकार नहीं की जायेगी तथा परीक्षार्थी को अनुपस्थित माना जायेगा। जिसका जिम्मेदार परीक्षार्थी स्वयं होगा।

11. परीक्षा केन्द्र जयपुर परिसर के समीपस्थ परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिका की मूल प्रति परीक्षा समाप्ति के एक घण्टे के अन्दर परीक्षा केन्द्र पर व्यक्तिशः उपस्थित होकर भी जमा कर सकते हैं।
12. परीक्षा हेतु समय सारणी एवं समय निर्धारित है।
13. छात्र परीक्षा हेतु प्रिन्ट आउट, पी.डी.एफ. निर्माण, ईमेल आदि का भली–भाँति अभ्यास कर लें। साथ ही उक्त कार्य हेतु न्यूनतम 2 जी.बी. डेटा प्रतिदिन की व्यवस्था करें। साथ ही साथ परीक्षा समय में नेटवर्क में रहें।
14. किसी भी प्रकार की समस्या होने पर छात्र अधोलिखित सदस्यों से सम्पर्क कर सकते है : –

| क्र.सं. | नाम | मोबाईल नं. |
|---|---|---|
| 01. | प्रो. फतह सिंह | 9414869425 |
| 03. | डॉ. शीश राम | 9829999632 |
| 02. | डॉ. कैलाश चन्द्र सैनी | 9460867107 |

**(प्रो. अर्कनाथ चौधरी)**
निदेशक

प्रतिलिपि :

1. नोटिस बोर्ड।
2. परिसर वेबसाईट पर सूचनार्थ।
3. छात्र अनुभाग।
4. कार्यालय आदेश संचिका।
5. परीक्षा विभाग।
6. संबंधित संचिका।